## महत्वपूर्ण एवं खास



## धरमजयगढ़ में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकास खण्ड के शासकीय महाविद्यालय और आईटीआई में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कृष्णा विश्वास, हकीम, ए.के पैकरा और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चक्रधरनगर पुलिस की जुआ व थाना सारंगढ़ पुलिस की सट्टा पर कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।**थाना चक्रधरनगर पेट्रोलिंग द्वारा दिनांक 03.10.19 के रात्रि करीब 20.30 बजे महर्षि स्कूल के पास विजयपुर में स्ट्रीट लाईट के प्रकाश में जुआ खेल रहे 06 जुआड़ियान मनोज बरेठ, त्रिलोचन पटेल, कुंवर जाटवर, कन्हैया बरेठ, अशोक प्रधान, खगेश कुमार मिरी को पकड़े जिनके पास एवं फड से जुमला 2130 रूपये एवं एक फट्टी बोरी व 52 पत्ती तास जप्त किया गया है।

चक्रधरनगर टाऊन पेट्रोलिंग द्वारा प्रेमनगर रेल्वे लाईन के किनारे जुआ खेल रहे जुआड़ियान (1) राम कृष्ण गुप्ता (2) गोपी यादव. (3) सजन भट्ट को रेड कर पकड़े जिनके फड एवं पास से जुमला रकम 3150 रू., एक बोरी फट्टी एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवही किया गया है।

थाना सारंगढ़ स्टाफ द्वारा दिनांक 03.10.19 को सट्टा पट्टी लिखने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया। जिसमें (1) रवि बरेठ पिता जितउ राम बरेठा उम्र 37 साल जेलपारा सारंगढ से सटटा पटटी, पेन व नगदी कीमती 720 रूपये। (2) बद्री प्रसाद पिता पीयू रतन जायसवाल 62 साल निवासी भारत माता चौक सारंगढ से सटटा पटटी व नगदी 1280 रूपये। (3) दुर्गेश बंजारे पिता रामगोपाल बंजारे 25 साल निवासी ग्राम पिंडरी से सट्टा पट्टी व नगदी 1050 रूपये। (4) राजीव पिता उचित राम कुर्रे 39 साल निवासी ग्राम पिंडरी को सट्टा पट्टी व नगदी 2000 रूपये के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।



## चपले के ग्रामवासियों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आज खरसिया विकास खंड के ग्राम चपले हाट बाजार में शिविर लगाकर ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया।

## ऋण हेतु आवेदन किए गए आवेदकों का साक्षात्कार 14 अक्टूबर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति से अनुमोदन उपरांत बैंक शाखाओं को अग्रेषित किया जाना है। उक्त योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन किए गए आवेदकों का साक्षात्कार जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति के समक्ष 14 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है। आवेदक नियत तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

## आईटीआई में मेहमान प्रवक्ता के लिए 22 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले के अंतर्गत आईटीआई खरसिया एवं सारंगढ़ में कोपा, रायगढ़ में शीटमेटल एवं गणित/ड्राईंग, सरिया में फीटर, धरमजयगढ़ में कारपेंटर एवं एम्लायबिलिटी स्किल, पुसौर में विद्युतकार, लैलूंगा में गणित/ड्राईंग एवं घरघोड़ा में स्टेनो हिन्दी के एक-एक पद मेहमान प्रवक्ता हेतु रिक्त है। जिसके लिए इच्छुक आवेदक 22 अक्टूबर 2019 तक अपना आवेदन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ संबंधित संस्था के प्राचार्य/अधीक्षक के नाम से 20 रुपए का पोस्टल आर्डर संलग्न करना होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए आईटीआई रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# मोटर गैरेज की आड़ में चोरी की बैटरियों को खपाने का भंडाभोड़

» सरिय पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह के 03 चोर व 02 खरीददार को किया गिरफ्तार

» 4 लाख रूपये की 95 नग ट्रक व ट्रैक्टर की बैटरी आरोपियों से हुई बरामद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एक सप्ताह पहले जुटमिल पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोर गिरोह के 03 चोर व 03 खरीददार को पकड़कर जेल भेजा गया था । आज दिनांक 04.10.19 को सरिया पुलिस को बैटरी चोर गिरोह के 03 चोर व 02 खरीददार को पकड़ने में सफलता मिली है । आरोपीगण पिछले एक साल से क्षेत्र में सक्रिय थे तथा बड़ी चतुराई से मोटर गैरेज खोलकर चोरी की बैटरियों को खपाने का काम इनके द्वारा किया जा रहा था ।



जानकारी के अनुसार आज दिनांक 04.10.19 को थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक को सौकीलाल पटेल निवासी कटंगपाली सरिया द्वारा चोरी की बैटरी मोटर गैरेज में बिक्री करने की सूचना मिला था जिस पर सरिया थाने के स्टाफ द्वारा सौकीलाल पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी सौकीलाल पटेल द्वारा अपने सहयोगी मकरंद और परवेज खान दोनों निवासी चन्द्रपुर के साथ क्षेत्र में ट्रेक्टर, ट्रक की बैटरियों को चोरी कर स्वयं अपने मोटर गैरेज तथा अन्य गैरेज में बेचना बताया। आरोपी के बताये अनुसार बैटरी खरीददार रामप्रसाद राय एवं मोहन नायक के गैरेज में दबिश दिया गया, जहां से चोरी की बैटरियां भारी मात्रा में बरामद हुई। आरोपी बैटरी चोर 1- मकरंद पिता हेमलाल 29 वर्ष निवासी चंद्रपुर जिला जांजगीर 2- परवेज पिता मंजूर खान 35 वर्ष निवासी चंद्रपुर मूल ग्राम गम्बरी थाना फतेहपुर जिला गया बिहार 3- सौकीलाल पिता गया पटेल 39 वर्ष निवासी कतंगपाली सरिया तथा बैटरी खरीददार 4- रामप्रसाद पिता पंचानन राय 46 वर्ष बरमकेला मूल ग्राम तारानगर थाना तेव्हटटो जिला नदिया पश्चिम बंगाल (दुकान - राय बैटरी रायगढ़ रोड बरमकेला) 5- मोहन पिता पुरंदर नायक उम्र 46 वर्ष (दुकान भारत बैटरी चंद्रपुर रोड बरमकेला) से करीब पौने चार लाख रुपये के 95 नग ट्रक, ट्रेक्टर की बैटरी बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सरिया में इस्गासा क्रमांक 07, 08/19 धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379, 411 आईपीसी की कार्यवाही की गई है।

## जन सुनवाई के बाद लौट रही पुलिस फोर्स पर हमला करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** ग्राम डोलेसरा तमनार में महाजेनको की जन सुनवाई के पश्चात लौट रहे पुलिस फोर्स पर हमला करने वाले एक शख्स की पहचान सी.सी.टी.व्ही. फुटेज व मौके पर उपस्थित गवाहों से पूछताछ से हुआ है जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। ग्राम डोलेसरा में पर्यावरण संबंधी जन सुनवाई में शांति व्यवस्था डयूटी हेतु लगा पुलिस बल जब ड्युटी पश्चात वापस लौट रहा था , तभी भीड़ में से कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए अश्लील गाली गलौच कर वहां पड़ी गिट्टी, पत्थर को फेंक कर पुलिस बल पर हमला किये थे जिस पर कुछ नामजद आरोपियों के साथ अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध बलवा एवं शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है, विवेचना दरम्यान मौके पर उपस्थित लोगों से पूछताछ किया जा रहा था। आज दिनांक 04.10.19 को घटना दिनांक का फुटेज देखकर मौके के गवाहों ने आरोपी शोहित चौहान पिता महेन्द्र चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी पाता थाना तमनार की पहचान की जिसे अप.क्र. 187/19 धारा 353, 332, 506, 109, 147, 148, 153, 186, 294, 323 आईपीसी में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपीगण की तस्दीक फुटेज के माध्यम से की जा रही है साथ ही घटना दिनांक को आरोपीगणों को पुलिस पर हमला करने के लिये उकसाने वाले आरोपियों की पहचान/पतासाजी की जा रही है जिनके उकसाने के फलस्वरूप आरोपियों द्वारा घटना कारित की गई थी उन पर भी विधि सम्मवत कार्यवाही की जावेगी।



## यातायात जागरूकता अभियान के तहत मिशन संभव का शुभारंभ

» सुरक्षित भवः फाउंडेशन की ओर से जमुनाइंन चौक पर लगाया गया ट्रैफिक जिंगल

» शहर के अन्य चौक, चौराहों पर भी लगाये जायेंगे ट्रैफिक जिंगल





**न्याय साक्षी/रायगढ़।**नगर निगम रायगढ़ एवं यातायात पुलिस रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शहर के जमुनाइंन चौक पर मिशन संभव के नाम पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मिशन संभव के तहत शहर के चौक, चौराहों पर विशेषकर ट्राफिक सिग्नल पाईंट पर ट्रैफिक जिंगल लगाये जावेंगे जिसमें ट्रैफिक अनुशासन से सम्बंधित जिंगल, देश भक्ति गीत व अन्य जानकारियों का प्रसारण रात्रि 09.00 बजे तक होता रहेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर रायगढ़ यशवंत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर यशवंत कुमार जी द्वारा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता जी एवं सुरक्षित भव॰ फाउंडेशन के उपस्थित डायरेक्टर संदीप बापड़ा को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाये जाने के लिये सिग्नल एवं चौकों पर जिंगल लगाये जाने की प्रसंशा किये। उन्होंने अपने उद्बोधन में नगर निगम एवं जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर किये जा रहे कार्यों को लेकर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होने बताया कि हमें अपने जीवन का मूल्य समझाना होगा, सड़क पर लापरवाही बरतने से अपनी जान के साथ दूसरों की जान भी खतरें में आ सकती है। हमें स्वयं से यातायात नियमों के पालन करने की शुरूवात करनी चाहिये।

एसपी संतोष कुमार सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में देश में सड़क दुर्घटनाओं से हो रहे अकाल मृत्यु को चिंताजनक बताया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के दो विशेष कारण लोगों में जागरूकता की कमी एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने को बताया है। उन्होंने बताया गया कि जिले की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा पहले चरण में पी.डब्लू.डी, नेशनल हाईवे, सी.एस.ई.बी., नगर निगम, ट्रांसपोर्ट संघ तथा अन्य ट्राफिक सुधार में योगदान देने वालों के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई है जिसमें जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने पर कार्य किया जा रहा है। दूसरे चरण में शहर के यातायात को लेकर चेम्बर ऑफ कार्म्स, विभिन्न व्यापारिक संघ से अव्यवस्थित बाजार, पसरा को व्यवस्थित करने हेतु बातचीत कर राय लिया जा रहा है , कई कार्य योजनाओं को आने वाले समय में मूर्त रूप दिया जावेगा। शहर के कई स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सामान्य प्रशासन विभाग, नगर निगम एवं जिला पुलिस द्वारा की जा रही है। उनहोने बताया कि हमारे यातायात पुलिस, महिला सेल प्रतिदिन स्कूल, कॉलेज में जाकर बच्चों, युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी दे रहें हैं। बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ अपने परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित करने बताया जा रहा है। उन्होने अपने उद्बोधन में सुरक्षित भव॰ फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया कि उनके द्वारा निशुल्क॰ सिग्नल पाईंट पर जिंगल लगाया जा रहा है। उन्होनें लोगों से अपील किया कि आमजन भी नियमों का पालन करें जिससे हमसभी को यातायात में व्यवधानों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राज कुमार मिंज, नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, सुरक्षित भव॰ फाउंडेशन के सदस्यगण तथा शहर के थाना प्रभारी एवं उनके स्टाफ, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्यगण तथा आमजन उपस्थित थे।

## बालिकाएं रहे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक-कलेक्टर

» विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नवरात्रि के अवसर पर आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में जिले का प्रदर्शन अच्छा रहा है। जिले में बाल लिंगानुपात बेहतर हो इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियों को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए, जिसकी वे हकदार है। बालिकाओं के साथ जो भेदभाव होता है, उसके प्रति बालकों को भी जागरूक किया जाना जरूरी है। यह खुशी कि बात है कि इस कार्यशाला में आज बालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में बालिकाएं अध्ययन कर आत्मनिर्भर बन रही है। ऐसे में यह जरूरी है कि पुरूषों की सोच में महिलाओं के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाया जाये कि वे घरेलू कार्यो में महिलाओं को सहयोग करें। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहें और जरूर आवाज उठायें। उन्होंने कहा कि यौन-शोषण एवं अन्य कोई गंभीर बात हो तो अपने अभिभावकों को जरूर अवगत करायें, माता-पिता अपने बच्चों के हित के प्रति हमेशा सजग रहते है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी टी.जाटवर ने कहा कि कार्यशाला में जेण्डर एवं इससे संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही है एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है जो सभी के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कई बार हम जीवन में छोटी-छोटी बातों को नजर अंदाज कर देते हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से हमें जो कारगर परामर्श मिले है, उन्हें हम जीवन में उतार पायेंगे और जीवन में आने वाली अनायास समस्याओं को दूर करेंगे।

कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए एसोसिएट प्रोफेसर, मनोरोग विभाग, मेडिकल कालेज डॉ. राजेश कुमार अजगले ने कहा कि स्कूलों में बच्चों को गुड टच, बैड टच की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे सजग रहे। शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे बच्चों को समझायें। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि बालिकाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं में मासिक चक्र के दौर में कई हार्मोनल परिवर्तन आते हैं, ऐसे समय में माता को अपने बच्चों को अच्छी तरह समझने एवं देखभाल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से कैरियर के संबंध में आवश्यकता से अधिक अपेक्षा नहीं रखना चाहिए।

## कलेक्टर ने दिव्यांग दंपति को पचास हजार का चेक सौंपा

» समाज कल्याण विभाग की विवाह प्रोत्साहन योजना का कांता और विनोद कुमार को मिला लाभ



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज अपने कलेक्टोरेट कक्ष में दिव्यांग दंपति श्रीमती कान्ता चौहान और विनोद कुमार को समाज कल्याण विभाग की विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत पचास हजार रुपए का चेक सौपा। कलेक्टर ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय की छ.ग.शासन महत्वाकांक्षी योजना के तहत समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग दंपति को विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अनुदान राशि दी जाती है। श्रीमती कान्ता और विनोद ने कलेक्टर और शासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने शासन की योजना की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांग दंपति के लिए यह योजना कारगर कदम है। इससे उनको आर्थिक रूप से मदद मिल जाती है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैकरा, समाज कल्याण विभाग के रमेश साहू उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480